**पोलियो अभियान** ▶ आज से 3.89 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो खुराक, 2468 बूथ, 4936 वैक्सीनेटर और 539 विशेष टीमें तैनात

# पोलियो दवा के दो बूंद से सुरक्षित होगा बचपन



**नवभारत,जबलपुर।** जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ आज रविवार से किया जाएगा। अभियान के तहत शून्य से लेकर 5 वर्ष तक की आयु वर्ग के 3 लाख 89 हजार 226 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विनोद कुमार गुप्ता ने बताया की अभियान के सफल संचालन के लिए जिलेभर में 2468 पल्स पोलियो बूथ बनाए गए हैं, जहां 4936 वैक्सीनेटर द्वारा बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ईंट भट्टों, हाईरिस्क क्षेत्रों तथा अन्य दुर्गम स्थानों के लिए 30 मोबाइल टीमों और 106 ट्रांजिट टीमों की तैनाती की गई है। वहीं रेलवे स्टेशन एवं ट्रेनों में यात्रा कर रहे बच्चों तक पहुंचने के लिए 40 विशेष टीमें बनाई गई हैं। ये टीमें जबलपुर से आने-जाने वाली ट्रेनों में सवार होकर सतना और नर्मदापुरम स्टेशन तक यात्रा करने वाले शून्य से लेकर 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी।

### 363 सुपरवाइजर किए गए नियुक्त

अभियान की निगरानी के लिए 363 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। जिले के सभी शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों को पल्स पोलियो बूथ बनाया गया है, जहां अभियान के पहले दिन सभी पात्र बच्चों को नि:शुल्क पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवीन कोठारी ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है की वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को अभियान के पहले ही दिन निकटतम पल्स पोलियो बूथ पर ले जाकर 'दो बूंद जिंदगी की' अवश्य पिलाएं।

### एल्गिन अस्पताल में भी शुभारंभ

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में, डॉ. नवीन कोठारी (मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी) के सान्निध्य में रविवार सुबह 10:30 बजे एल्गिन अस्पताल में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया जाएगा।



# 78 वृद्धों के स्वास्थ्य का किया गया परीक्षण

▶ बाजनामठ के वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**नवभारत,जबलपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देश पर वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना अनुसार राष्ट्रीय वृद्धजन देखभाल कार्यक्रम (अंतर्गत् सभी वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किये जाना प्रस्तावित था। इसी क्रम में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के आदेश और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नवीन कोठारी के मार्गदर्शन में वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित वरिष्ठ आश्रम बाजनामठ, तिलवारा रोड में शनिवार को किया गया। अर्बन नोडल अधिकारी डॉ अमजद खान एवं एपीएम संदीप नामदेव के द्वारा शिविर में आये सभी वृद्धजन का फल देकर स्वागत किया गया। शिविर में वृद्धाश्रम के समस्त वृद्धजनों की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ उषा दत्त, मेडिकल ऑफिसर डॉ.आदित्य कुमार, डॉ सारिका दुबे,डॉ. गौरव अवस्थी, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ श्वेता, वरिष्ठ नेत्र रोग सहायक श्री मनोज सिंह, नर्सिंग आफीसर रितु चंद्रौल, डेनियल केल्विन, पूजा पटेल, चंद्रा, हर्षा विश्वकर्मा, देवकी मानकर द्वारा जाँचे एवं चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गयीं। साइंस हाउस लैब, जिला चिकित्सालय विक्टोरिया द्वारा उक्त स्वास्थ्य शिविर में सभी हितग्राहियों की लैब जांच परीक्षण कर रिपोर्ट दी गयीं। शिविर में कुल- 78 वृद्धजनों का पंजीकरण कर जांच की गई, जिसमें डायबिटीज के- 36, उच्च रक्तचाप के- 25, नेत्ररोग से संबंधित- 06 तथा मनोरोग से संबंधित- 05 मरीजों की पहचान कर उन्हें आवश्यक दवाएं तथा परामर्श दिया गया। साथ ही 3 हड्डियों से संबंधित वृद्धजनों की फिजियोथैरेपी भी की गई। आश्रम के वृद्धजनों ने अपने लिए आयोजित हुए स्वास्थ्य शिविर के लिए सभी चिकित्सीय स्टॉफ का आभार व्यक्त किया।

### एक नजर में



## एमपीपीजीसीएल डायरेक्टर कमर्शियल ने किया सारनी का निरीक्षण

**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (एमपीपीजीसीएल) के डायरेक्टर कमर्शियल मिलिंद भान्दक्कर ने सतपुड़ा ताप विद्युत गृह, सारनी में निर्माणाधीन 660 मेगावाट क्षमता की सुपरक्रिटिकल इकाई (यूनिट-12) का विस्तृत निरीक्षण किया। प्रबंध संचालक मनजीत सिंह के निर्देशानुरूप उन्होंने परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए वरिष्ठ अभियंताओं, अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परियोजना को निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों के साथ पूरा किया जाए। इस दौरान उन्होंने परियोजना स्थल पर तैयार किए गए नवीनीकृत शेड्स का भी विधिवत लोकार्पण किया। निरीक्षण के दौरान भान्दक्कर ने बॉयलर व टरबाइन क्षेत्र के सिविल, मैकेनिकल और तकनीकी कार्यों की प्रगति देखी। उन्होंने भेल स्टोरेज यार्ड और साइट कार्यालय जाकर उपकरणों के रख-रखाव, सुरक्षा व तकनीकी समन्वय की समीक्षा की। साथ ही भेल कॉलोनी व बैचिंग प्लांट का निरीक्षण कर श्रमिक सुविधाओं और कार्य की गुणवत्ता व गति का मूल्यांकन किया।

**समीक्षा बैठक में सुरक्षा और बिजली उत्पादन पर चर्चा**-निरीक्षण के बाद समीक्षा बैठक में उन्होंने वरिष्ठ अभियंताओं से संसाधनों की उपलब्धता और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा कर आवश्यक मदद का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि यह 660 मेगावाट की सुपरक्रिटिकल इकाई कम कोयले व कम पानी की खपत में अधिक बिजली उत्पादन करेगी, जिससे पर्यावरण को कम नुकसान होगा और प्रदेश की बिजली जरूरतें पूरी होंगी। उन्होंने प्रबंध संचालक के निर्देश साझा करते हुए अधिकारियों को निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों का पालन करने और गुणवत्ता से समझौता न करने के निर्देश दिए।




## अधिवक्ता परिषद ने किया नए अधिवक्ताओं का मार्गदर्शन

**नवभारत, जबलपुर।** अधिवक्ता परिषद, जिला न्यायालय इकाई जबलपुर द्वारा महाकौशल प्रांत के नए कार्यकर्ताओं के स्वागत और नए अधिवक्ताओं को कार्यप्रणाली समझाने के लिए भव्य कार्यक्रम हुआ, जिसकी शुरुआत भारत माता व सरस्वती माता के चित्र पर दीप जलाकर और माला चढ़ाकर की गई। इसके बाद रेणुका शुक्ला, सुनीता सूद गुप्ता, शक्ति त्रिपाठी और के. सी. वनज राव ने सरस्वती वंदना की तथा अध्यक्ष राम मिलन प्रजापति ने स्वागत भाषण में कार्यक्रम की जरूरत बताई। इस मौके पर क्षेत्रीय मंत्री प्रदीप सिंह सेंगर ने 'भारत माता की जय' के नारे के साथ परिषद के काम, संगठन की सक्रियता व नियमों की जानकारी दी, वहीं प्रांत अध्यक्ष सुनील शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष संतोष अवधिया और महामंत्री संजय कुमार पटेल ने संगठन की स्थापना, लक्ष्यों और एकजुटता पर बात की। इस सफल आयोजन को पूरा कराने में आरती शर्मा, प्रशांत बड़ोनिया, कमलेंद्र ओझा, आकाश गिरानियां, नितिन कुशवाहा, मनोज शिवहरे और शिखा शिवहरे का विशेष सहयोग मिला। कार्यक्रम का संचालन जिला स्टडी सर्किल प्रमुख प्रदीप कुमार द्विवेदी ने किया और आभार जिला महामंत्री जितेंद्र बेन ने माना। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय मंत्री प्रदीप सिंह सेंगर, महाकौशल प्रांत अध्यक्ष सुनील शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष संतोष अवधिया, महामंत्री संजय कुमार पटेल, राष्ट्रीय कार्य परिषद सदस्य सुनील कुमार गुप्ता, आरती द्विवेदी, उच्च न्यायालय इकाई महामंत्री गजेंद्र सिंह, जिला न्यायालय इकाई अध्यक्ष राम प्रजापति समेत परिषद के कई पदाधिकारी व सदस्य भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## हरे कृष्णा आश्रम में कल होगी नर्मदा स्वर्ण कलश परिक्रमा

**नवभारत,जबलपुर।** चातुर्मास विश्राम के बाद भेड़ाघाट स्थित हरे कृष्णा आश्रम में कल 29 जून को ज्येष्ठ पूर्णिमा के मौके पर सुबह 6 बजे नर्मदा पंचकोशी स्वर्ण कलश की 108 परिक्रमा की जाएगी। इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालु भगवान राधाकृष्णा, लड्डू गोपाल और तुलसी मैया की एक साथ संकीर्तन करते हुए 108 परिक्रमा पूरी करेंगे। यह कार्यक्रम आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास महाराज और संकीर्तचार्य सुरेश विश्वकर्मा के सानिध्य में होगा। नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ. सुधीर अग्रवाल, संरक्षक सुषमा शंकर पटेल, सह-संकीर्तचार्य श्याम मनोहर पटेल, विनोद दीवान, मनोज गुलाब बनी, दुर्गा पटेल, शिव कुमार पटेल, विनोद विश्वकर्मा और कैलाश विश्वकर्मा ने सभी श्रद्धालुओं से इस आयोजन में शामिल होने की अपील की है।


# आज होगा 'महाराजा अग्रसेन मार्ग' का नामकरण समारोह

**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर अग्रवाल सभा एवं नगर निगम जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में 'महाराजा अग्रसेन मार्ग' का नामकरण समारोह रविवार शाम 4:30 बजे आयोजित किया जाएगा।

समारोह के तहत अग्रसेन चौक (एकता चौक), विजय नगर से 41 नंबर स्कीम मार्ग तक के मार्ग का औपचारिक उद्घाटन नगर निगम महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' द्वारा किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा इस मार्ग का नाम 'महाराजा अग्रसेन मार्ग' घोषित किया जा चुका है। जानकारी के मुताबिक उद्घाटन के बाद अतिथियों एवं समाजजनों द्वारा अग्रसेन चौक से मार्ग भ्रमण करते हुए अग्रसेन कल्याण मंडपम तक पदयात्रा निकाली जाएगी, जहां मुख्य समारोह संपन्न होगा। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्रजेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, महिला उपाध्यक्ष पूजा रूपेश अग्रवाल, सचिव रितेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल, संयुक्त सचिव रूपेश अग्रवाल एवं उपसचिव स्वीटी अग्रवाल ने अग्रवाल समाज के सभी सदस्यों से समारोह में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# रोहाणी के जन्मदिवस पर आयोजित होंगे 4 दिवसीय जनसेवा कार्यक्रम

▶ 28 जून से शुरू होंगे कार्यक्रम



**नवभारत,जबलपुर।** मध्य प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष, वरिष्ठ जननेता एवं जबलपुर के विकास पुरुष के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करने वाले स्वर्गीय दादा ईश्वर दास रोहाणी जी के 80 वे जन्मदिवस के अवसर पर दादा रोहाणी सेवा समिति, जबलपुर द्वारा 28 जून से 1 जुलाई 2026 तक चार दिवसीय सामाजिक, खेल, स्वास्थ्य एवं सम्मान कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इन आयोजनों का उद्देश्य स्वर्गीय दादा रोहाणी जी के सेवा, समर्पण, राष्ट्रभक्ति एवं जनकल्याण के आदर्शों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाना तथा युवाओं में स्वास्थ्य, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र निर्माण की भावना को प्रोत्साहित करना है।

कार्यक्रमों की प्रथम श्रखंला में प्रथम दिवस 28 जून (रविवार) को सुबह 6:00 बजे 'दादा लीजेंडरी रन उत्सव 2026' से होगी। यह एक भव्य फिटनेस एवं जनजागरूकता रन होगी, जिसका शुभारंभ शिवाजी ग्राउंड, सदर से होगा। रन का मार्ग सदर मेन रोड, भारत माता चौक (पेंटीनाका), सृजन चौक एवं माल रोड से होकर पुन: शिवाजी ग्राउंड तक रहेगा। इस आयोजन में हजारों युवाओं, खिलाड़ियों, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों की सहभागिता अपेक्षित है। आयोजन का उद्देश्य युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, नशामुक्ति, अनुशासन, फिट इंडिया और स्वस्थ समाज का संदेश देना है। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस 29 जून (सोमवार) को पीएम श्री महाकौशल महाविद्यालय, सिविल लाइन्स, जबलपुर में प्रात: 9:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर एवं रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। साथ ही रोजगार मेले के माध्यम से प्रतिष्ठित कंपनियों एवं संस्थानों द्वारा युवाओं को रोजगार एवं कैरियर के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। तीसरे दिन 30 जून 2026 (मंगलवार) को सुबह 6:00 बजे दादा ईश्वर दास रोहाणी पार्क, अंपायर चौक स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन अवसर पर 1 जुलाई (बुधवार) को मानस भवन, राइट टाउन, जबलपुर में आयोजित 'गौरव शिखर सम्मान समारोह' के साथ होगा। समारोह में शिक्षा, चिकित्सा, सामाजिक सेवा, खेल, संस्कृति, उद्योग, साहित्य, पत्रकारिता एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विशिष्ट व्यक्तियों एवं संस्थाओं का सम्मान किया जाएगा।

## गैलेक्सी हॉस्पिटल में आयुष्मान योजना से हुई नि :शुल्क ओपन हार्ट सर्जरी



**नवभारत, जबलपुर।** उखरी चौक स्थित गैलेक्सी मल्टीस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल में आयुष्मान योजना के तहत नि:शुल्क ओपन हार्ट सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। सिवनी जिले के मरीज घनश्याम अग्रवाल गंभीर हृदय रोग से पीड़ित थे, जिन्हें लगातार सांस लेने में तकलीफ और असामान्य हृदय गति की समस्या हो रही थी। प्राथमिक जांच के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए ओपन हार्ट बायपास सर्जरी की सलाह दी थी। इस त्वरित फैसले और सफल ऑपरेशन के चलते अग्रवाल को समय रहते एक नया जीवन मिल सका। हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. विवेक गुप्ता ने बताया कि इस जटिल सर्जरी का नेतृत्व वरिष्ठ सर्जन डॉ. अखिलेश दुबे और उनकी विशेषज्ञ टीम ने किया। सर्जिकल टीम और आईसीयू स्टाफ ने पूरी सावधानी, आधुनिक कार्डियक मॉनिटरिंग और ऑपरेशन के बाद बेहतर देखभाल सुनिश्चित की, जिससे ऑपरेशन सफल रहा और मरीज ने तेजी से रिकवरी की। निगरानी के बाद घनश्याम अग्रवाल अब पूरी तरह स्वस्थ हैं।

### समय पर मिली मदद से बची जान

डॉ. गुप्ता ने कहा कि उनका उद्देश्य हर मरीज तक सुलभ स्वास्थ्य सेवा पहुंचाना है और आयुष्मान योजना से ऐसा मुफ्त इलाज करना गर्व की बात है। मरीज ने भी डॉक्टरों और अस्पताल प्रबंधन का आभार जताते हुए कहा कि समय पर मिली मदद से उनकी जान बच सकी। डॉ. अखिलेश दुबे ने बताया कि अस्पताल अपनी आधुनिक सुविधाओं, अनुभवी सर्जिकल टीम और समर्पित नर्सिंग स्टाफ के दम पर लगातार ऐसे जटिल हृदय रोगों का सफल इलाज कर रहा है।

## नया मोहल्ला में लंगर का आयोजन कल

**नवभारत,जबलपुर।** शहीद-ए-आज़म हज़रत इमाम हुसैन आली मुकाम रज़ियल्लाहु अन्हु की याद में प्रतिवर्षानुसार 29 जून, सोमवार को नया मोहल्ला स्थित बंद कुआँ प्रांगण में वरिष्ठ समाजसेवी पप्पू वसीम खान के सौजन्य से विशाल लंगर-ए-आम का आयोजन किया जाएगा। प्रात: 9 बजे क़ुरआन ख़्वानी एवं नज़र-ओ-नियाज़ पेश की जाएगी । इसके पश्चात उपस्थित अकीदतमंदों एवं शहरवासियों के लिए विशाल लंगर-ए-आम तकसीम किया जाएगा। जावेद खान एवं नजीब खान ने समस्त शहरवासियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लंगर में शामिल होने की अपील की है।




## नशीली पदार्थों के नुकसान के बारे में छात्रों को दी जानकारी

**नवभारत, जबलपुर।** रामपुर स्थित एकीकृत शासकीय हाई स्कूल में 27 जून को लक्ष्य ओडीआईसी, रामपुर और नवज्योति नशा मुक्ति केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति संकल्प एवं जनजागरूकता कार्यक्रम हुआ, जहाँ छात्रों ने तंबाकू और नशीले पदार्थों के नुकसान के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में संस्था प्रभारी हेमंत सोलंकी ने बच्चों को नशे के बुरे प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी और स्कूल के प्राचार्य विशाल सिंह झरिया ने बच्चों को समझाया कि नशे को हमेशा ना कहना चाहिए क्योंकि इससे शारीरिक व शैक्षणिक जीवन में रुकावट आती है, मन एकाग्र नहीं होता, लोग नशे के जाल में फंस जाते हैं और यह एक सामाजिक बुराई है। इस दौरान सभी बच्चों को नशा न करने की शपथ दिलाई गई और छात्रों ने 'नशा नाश की जड़ है भाई, नशा छोड़ कर करो पढ़ाई' का नारा लगाया, जिसमें हेमंत सोलंकी, लखन अहिरवार, उत्तम रैकवार, रश्मि अहिरवार, सान्या प्रजापति सहित स्कूल के प्राचार्य विशाल सिंह झरिया, अरुण प्यासी, उषा प्यासी और विनोद कोराटकर की उपस्थिति सराहनीय रही।

## अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष बने शरद अग्रवाल



**नवभारत, जबलपुर।** अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर शरद अग्रवाल को मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर उनके निवास स्थान पर पहुंचकर संगठन के पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत सम्मान किया और नई जिम्मेदारी के लिए बधाइयां दीं। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष गोविंद गोयल का आभार व्यक्त किया गया। इस सम्मान कार्यक्रम में मध्य प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अजय अग्रवाल, संभागीय महामंत्री सुरेश गुप्ता, जिला अध्यक्ष मदन मोहन नेमा, जिला महामंत्री अरविंद गुप्ता, जिला सह-सचिव कृष्णा खंडेलवाल, युवा अध्यक्ष जबलपुर जिला समर्थ अग्रवाल, डॉ. शिशिर अग्रवाल और अनुभव अग्रहरि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# विद्यार्थी समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं

▶ अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम




**नवभारत,जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, प्रधानमंत्री कॉलेज आफ़ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल महाविद्यालय जबलपुर एवं नवज्योति नशा मुक्ति केंद्र अवधपुरी के संयुक्त तत्वाधान में 'अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस' के अवसर पर विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हेमंत सोलंकी द्वारा विद्यार्थियों एवं युवाओं के बीच मादक पदार्थों से होने वाले शारीरिक मानसिक दुष्प्रभावों को विस्तार से बताया गया एवं इसके व्यापार व्यवसाय से दूर रहने की बात कही। इस अवसर पर नशा मुक्ति विषयक शपथ दिलाई गई तथा विद्यार्थियों ने जनजागरूकता का संदेश देते हुए कहा कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और अपने परिवार एवं समाज को भी नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

इस दौरान प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय समन्वयक, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को नशामुक्त बनाने तथा युवाओं को स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। वहीं प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक जीवन को प्रभावित करता है। अंत में सभी ने 'नशामुक्त भारत - स्वस्थ भारत' के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में डॉ. ज्योति जुनगरे, डॉ. तृप्ति उकास, डॉ. मनीषा कोल, डॉ. बुशरा खान, डॉ. सुनीता सिंह, नीरज रजक, डॉ. सरकार के साथ लगभग 32 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**महत्वपूर्ण कदम** ▶ जबलपुर सहित भोपाल, इंदौर, उज्जैन में बढ़ाई गई सुरक्षा

# सबस्टेशनों की सुरक्षा के लिए हाई-परफॉर्मेंस एचडी सीसीटीवी कैमरे लगे : ऊर्जा मंत्री



**नवभारत,जबलपुर।** प्रदेश के कई शहरों में एमपी ट्रांसको के एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज सब स्टेशनों की सुरक्षा के लिए हाई-परफॉर्मेंस एचडी सीसीटीवी कैमरे लगाने शुरू कर दिए हैं। मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन तोमर ने बताया कि मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन, ग्वालियर सहित राज्य के अपने एक्स्ट्रा हाई टेंशन सबस्टेशनों की सुरक्षा सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हाई-परफॉर्मेंस एचडी सीसीटीवी कैमरों की स्थापना शुरू कर दी है। लगभग 8.15 करोड़ रुपये की लागत वाली यह परियोजना विद्युत ग्रिड को चोरी, अनाधिकृत प्रवेश और संभावित नुकसान से सुरक्षित रखने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है।

ऊर्जा मंत्री के अनुसार परियोजना के अंतर्गत प्रदेश के 417 सबस्टेशनों पर कैमरे चरणबद्ध तरीके से लगाए जा रहे हैं। इन कैमरों की स्थापना से सबस्टेशनों की सुरक्षा एवं गश्त में मानव संसाधन के साथ तकनीक के उपयोग से सुरक्षा की दोहरी परत सुनिश्चित की जा सकेगी ।ऊर्जा मंत्री ने ये भी बताया कि यह पहल एमपी ट्रांसको द्वारा एक्स्ट्रा हाई टेंशन लाइनों की निगरानी हेतु ड्रोन तकनीक के उपयोग के बाद उठाया गया एक और तकनीकी कदम है, जो कंपनी के टेक्नोलॉजी-आधारित सुरक्षा समाधान की दिशा में बढ़ते प्रयासों को दर्शाता है।

### लाइव फीड अधिकारियों के मोबाइल पर उपलब्ध रहेगा

इन कैमरों का लाइव फीड संबंधित सबस्टेशन प्रभारियों को उनके मोबाइल उपकरणों पर उपलब्ध रहेगा। इसके अतिरिक्त ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क के एकीकरण के माध्यम से जबलपुर स्थित शक्तिभवन मुख्यालय के केंद्रीय नियंत्रण कक्ष से प्रदेश के सभी 417 सबस्टेशनों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग का कार्य प्रगति पर है। इस तकनीकी व्यवस्था से न केवल सुरक्षा में वृद्धि होगी, बल्कि किसी भी तकनीकी गड़बड़ी, अनाधिकृत प्रवेश या आपात स्थिति की त्वरित जानकारी भी प्राप्त हो सकेगी, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सकेगी। अब मुख्यालय से एक क्लिक पर किसी भी सबस्टेशन की निगरानी की जा सकती है, जिससे निगरानी व्यवस्था और अधिक प्रभावी, पारदर्शी और त्वरित प्रतिक्रिया देने में सक्षम हो गई है।



## आगा चौक पर सवारियों व ताज़ियों का शानदार इस्तक़बाल

**नवभारत,जबलपुर।** मोहर्रम की 10वीं तारीख़, यौमे आशूरा एवं उर्स-ए-इमाम अली मुकाम के मुबारक मौके पर आगा चौक मस्जिद के समक्ष मध्यप्रदेश युवा रचनात्मक सद्भावना संगठन एवं जिला शांति समिति के संयोजक आसिफ जावेद राईन, वरिष्ठ समाजसेवी एवं शहर कांग्रेस महासचिव मनोज नामदेव, शेख नसीर एवं शेख इम्तियाज़ गुड्डू के संयोजन में लगातार 35वें वर्ष इस्तक़बालिया मंच सजाया गया, जहाँ शहर की तमाम सवारियों, ताजियों और अज़ादारों का गर्मजोशी के साथ इस्तक़बाल किया गया तथा लंगर-ए-हुसैनी का एहतिमाम किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश लखन घनघोरिया शरीक हुए। वहीं विशिष्ट अतिथियों में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एडवोकेट मनीष मिश्रा, एडवोकेट आशीष पांडे, ऐबुनियादी दरबार के सज्जादानशीन हज़रत मेहराज अहमद जमाली बाबा साहब, उत्तर-मध्य विधानसभा के पूर्व विधायक विनय सक्सेना, पार्षद संतोष दुबे पंडा, उपनेता प्रतिपक्ष गुड्डू नबी, युवक कांग्रेस नेता अंकुर गुप्ता सहित अनेक गणमान्य हस्तियाँ मौजूद रहीं। इस मौके पर सभी मेहमानों ने मोहर्रम की फ़ज़ीलत और हज़रत इमाम हुसैन (अ.स.) की कुर्बानी को याद करते हुए कौमी एकता, भाईचारे और इंसानियत का पैग़ाम दिया। साथ ही अज़ादारों एवं जुलूसों का इस्तक़बाल कर लंगर तकसीम किया गया। मंच का सफल संचालन समाजसेवी एवं शहर कांग्रेस महासचिव मनोज नामदेव द्वारा देर रात तक किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ, जिसकी मंच की ओर से तहेदिल से सराहना की गई।